विद्यार्थियों को शोधपरक शिक्षा प्रदान करने , प्राध्यापकों को भी शोधपरक होना पड़ेगा – प्रो श्रीवास्तव

✷ सात दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम ऑन अंडरस्टैंडिंग रिसर्च एंड पब्लिकेशन स्किल का आयोजन

जगदलपुर, 18 मार्च (दण्डकारण्य समाचार)। शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय,के ग्रन्थालय विभाग द्वारा 17 से 23 मार्च तक सात दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम ऑन अंडरस्टैंडिंग रिसर्च एंड पब्लिकेशन स्किल का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय रेशम उत्पादन एवं अनुसंधान केंद्र जगदलपुर के वैज्ञानिक डॉ. सुनील कुमार मिसरो, विशेष अतिथि के रूप में प. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के जैव प्रौद्योगिकी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. केशव कांत साहू तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. अनिल कुमार श्रीवास्तव रहे।

अपने संबोधन में प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार श्रीवास्तव ने इस फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम की अनिवार्यता पर प्रकाश डालते हुए बस्तर संभाग में शोध को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि शोध और नवाचार ही शिक्षा को एक नई दिशा देते हैं तथा शिक्षकों और शोधार्थियों को सतत सीखने की प्रक्रिया में बनाए रखते हैं। उन्होंने बताया कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 विद्यार्थियों में शोधपरक शिक्षा प्रदान की जानी है इसलिए प्राध्यापकों को भी शोधपरक होना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि बस्तर में शोध की असीम संभावनाएं है तथा आप सब यहां से अर्जित जाएं का उपयोग कर उत्कृष्ट शोध करेंगे। विशेष अतिथि सुनील कुमार मिसरो ने अपने संबोधन में प्लेटो के कथन ÷आविष्कार आवश्यकताओं की जननी है÷ को उद्धृत करते हुए शोध पद्धति के विभिन्न आयामों पर चर्चा की। उन्होंने शोध के महत्व, उसकी वैज्ञानिक पद्धति और अपने अनुभव साझा किए। मुख्य वक्ता डॉ. केशवकांत साहू ने अनुसंधान प्रक्रिया, मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी), शोध के प्रकार तथा शोध के दौरान आने वाली विभिन्न चुनौतियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने प्रतिभागियों को शोध की बारीकियों से अवगत कराते हुए बताया कि एक प्रभावी शोध के लिए सटीक समस्या निर्धारण, उपयुक्त शोध पद्धति और निष्कर्षों की प्रमाणिकता आवश्यक होती है। कार्यक्रम के अंत में आईक्यूएसी प्रभारी विमल कुमार रात्रे ने सभी समिति सदस्यों, प्रतिभागियों एवं अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के दुर्गेश कुमार देवांगन, डॉ. मेखला चटोपाध्याय, कल्पना मंडावी, चित्रलेखा कोडोपी, कु. अरुणिमा बसु राय, विनोद रामटेके, ऋचा श्रीवास्तव, संध्या प्रसाद, दिनेश दिवाकर, सीपी यादव, डॉ योगेन्द्र सिंह, मनीष तिवारी, कु तृप्ति मांडवी, अखिलेश चंदेल, कु रोशनी भट्ट, चन्द्रप्रभा कोशरे, कु निवेदिता कोइरी कई शिक्षकगण एवं शोधार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. शोएब अंसारी ने बताया कि कार्यक्रम में बस्तर संभाग तथा देशभर से 286 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। स्थानीय प्रतिभागियों के लिए एक कार्यक्रम भौतिक रूप से तथा बाहर के प्रतिभागियों के लिए ऑनलाइन आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि एफडीपी कार्यक्रम न केवल शिक्षकों की दक्षता बढ़ाने का माध्यम है, बल्कि इससे शोध एवं शिक्षण गुणवत्ता में भी वृद्धि होती है।

छत्तीसगढ़ साहित्य समिति बस्तर इकाई द्वारा होली मिलन समारोह एवं काव्य गोष्ठी आयोजित

जगदलपुर, 18 मार्च (दण्डकारण्य समाचार)। 16 मार्च , रविवार को लामनी पार्क , जगदलपुर में छत्तीसगढ़ साहित्य समिति , जगदलपुर , बस्तर इकाई द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह एवं काव्य गोष्ठी में शहर के साहित्यकार उपस्थित हुए कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ ।र्यक्रम में सभी साहित्यकारों ने हास्य-व्यंग्य से ओत-प्रोत रचनाएँ पढ़ी । चुटकुले-लतीफों का दौर भी चला । सबसे पहले अनूप कुर्रे ने हास्य ब्यंग्य की रचनाएँ प्रस्तुत कर वाह-वाही बटोरी । ऋषि शर्मा ऋषि ने चिर-परिचित अंदाज़ में ग़ज़लें तरन्नुम में पेश कर माहौल को खुशनुमा कर दिया । सायरा खान ने छत्तीसगढ़ी में सुंदर काव्य पाठ किया । शिरीष टिकारिहा ने छत्तीसगढ़ में पारंपरिक गीत प्रस्तुत कर तालियाँ बटोरी । चमेली नेताम ÷सुवासिता÷ ने नौ रसों पर आधारित अभिनित करते हुए शानदार हास्य-ब्यंग्य की रचना प्रस्तुत की । भरत कुमार गंगादित्य ने हल्बी होली गीत गाकर खूब तालियाँ बटोरी । रामेश्वर प्रसाद चँद्रा ने हिंदी और छत्तीसगढ़ी में सुंदर रचनाएँ प्रस्तुत की । नीलम पाँडेय ने होली गीत प्रस्तुत किया । कार्यक्रम की अंतिम प्रस्तुति के रूप में कार्यक्रम संचालन कर रहे कृष्णशरण पटेल ÷कृष्णा÷ ने हास्य गीत और हास्य ग़ज़ल प्रस्तुत किया । आज के कार्यक्रम में शोभा शर्मा , मोबीन खान , ऋषभ पाँडेय , संतोष पाँडेय , शिवानी हलदार , मधु कश्यप और पार्वती श्रोता के रूप में उपस्थित थे । इस तरह एक खूबसूरत आयोजन संपन्न हुआ ।

संविधान और मानवाधिकारों पर खतरा

बीजेपी सरकार पर सीपीआई का आरोप

✷ पंचायत चुनाव में अच्छा प्रदर्शन, पार्टी को करेंगे पुनर्गठित

✷ बीजेपी सरकार को हराने के लिए विपक्षी एकजुटता की अपील

जगदलपुर, 18 मार्च (दण्डकारण्य समाचार)। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआई) ने केंद्र और छत्तीसगढ़ सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया है कि बीजेपी और आरएसएस देश को संविधान और मानवाधिकारों से दूर ले जा रहे हैं। सीपीआई के राष्ट्रीय सचिव डी. राजा ने बस्तर में हो रहे एनकाउंटर्स पर सवाल उठाते हुए कहा कि निर्दोष लोगों को नक्सली बताकर मारा जा रहा है। उन्होंने आगे कहा कि बीजेपी सरकार का 2026 तक नक्सल मुक्त भारत का नारा आदिवासी, दलित और सीपीआई मुक्त भारत बनाने की साजिश है। उन्होंने इसे गंभीर विषय बताते हुए कहा कि बाबा साहेब अंबेडकर के संविधान में हर नागरिक को सरकार की नीतियों की आलोचना और विरोध करने का अधिकार है, लेकिन जब से बीजेपी और आरएसएस सत्ता में आए हैं, तब से आलोचना करने वालों को अर्बन नक्सल कहकर जेल में डाला जा रहा है। सीपीआई नेताओं पर भी यूएपीए जैसे कठोर कानून लगाकर गिरफ्तार किया जा रहा है।

पंचायत चुनाव में अच्छा प्रदर्शन, पार्टी को पुनर्गठित करेंगे

उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी खुद को पुनर्गठित करेगी और सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ संघर्ष जारी रखेगी। पंचायत चुनाव में पार्टी ने अच्छा प्रदर्शन किया है। इससे कार्यकर्ताओं में भी उर्जा का संचार हुआ है। अब पार्टी को नए सिरे पनर्गठित करेंगे और अधिक ताकत के साथ मैदान में उतरेंगे। वहीं उन्होंने एनएमडीसी के वेतन समझौते को लेकर चल रहे विरोध प्रदर्शन पर कहा कि सरकार मजदूरों की बात सूनना नहीं चाहती। वह सिर्फ पूंजीपतियों के लिए काम कर रही है। उनकी मांग है कि मजदूरों से बात करें और उनकी मांगों को पूरा करें।

विपक्षी एकजुटता की अपील

सीपीआई ने बीजेपी सरकार के वन नेशन, वन इलेक्शन के प्रस्ताव को अव्यवहारिक बताते हुए इसका विरोध किया। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग और न्यायपालिका की निष्पक्षता पर सवाल उठ रहे हैं, जबकि किसानों को एमएसपी पर ठगा गया है। फॉरेस्ट राइट एक्ट में बदलाव कर आदिवासियों की जमीन छीनी जा रही है और श्रमिक कानूनों को कॉरपोरेट हित में बदला गया है। सीपीआई ने कहा कि अब समय आ गया है कि सभी विपक्षी दल एक साथ आएं और संविधान को बचाने के लिए बीजेपी के खिलाफ मजबूती से लड़ें।

सीपीआई महासचिव डी. राजा और रामाकृष्ण पंडा पहुंचे बस्तर, लक्ष्मण झाड़ी को दी श्रृद्धांजलि

संघर्ष की विरासत को आगे बढ़ाने का संकल्प

सीपीआई नेताओं ने स्व. कामरेड लक्ष्मण झाड़ी की पुण्यतिथि पर किया श्रद्धांजलि अर्पित

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआई) के राष्ट्रीय महासचिव डी. राजा और पार्टी नेता रामाकृष्ण पंडा ने बस्तर संभाग के पूर्व सचिव लक्ष्मण झाड़ी की पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम में शिरकत की। इस अवसर पर पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं, कार्यकर्ताओं और स्थानीय समर्थकों ने उनके संघर्षों और योगदान को याद किया। डी. राजा ने अपने संबोधन में कहा कि लक्ष्मण झाड़ी का जीवन सादगी और सिद्धांतों की मिसाल था। उन्होंने आदिवासी अधिकारों और वंचित समुदायों के उत्थान के लिए अथक प्रयास किए। साथ ही, उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से झाड़ी के आदर्शों को आगे बढ़ाने और सामाजिक-आर्थिक समानता के लिए संघर्ष जारी रखने का आह्वान किया। इस मौके पर पार्टी नेताओं ने वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य और बस्तर क्षेत्र में विकास व शांति की चुनौतियों पर भी चर्चा की। साथ ही लक्ष्मण झाड़ी की स्मृति में सामाजिक कार्यक्रम आयोजित करने का संकल्प भी व्यक्त किया गया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने लक्ष्मण झाड़ी के योगदान को नमन करते हुए उनकी विरासत को सहेजने की बात कही। साथ ही उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए नेताओं ने उनके जन-कल्याणकारी कार्यों, मजदूर-किसान हितों के लिए संघर्ष और बस्तर क्षेत्र में सामाजिक न्याय के प्रति उनके समर्पण को रेखांकित किया।कार्यक्रम में मुख्य रूप से सीपीआई जिला सचिव कमलेश झाड़ी, रामू राम मौर्य, मंगल कश्यप, पी. लक्ष्मी नारायण, के. शंकर राव, बही लोचन श्रीवास्तव, चमन कुंजाम और तिलक पांडे सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

विश्व उपभोक्ता दिवस पर संगोष्ठी आयोजित

जगदलपुर 18 मार्च (दण्डकारण्य समाचार)। उपभोक्ता कल्याण संघ बस्तर जिला जगदलपुर के अध्यक्ष छबीलेश्वर जोशी तथा ज्येष्ठ नागरिक कल्याण संघ के अध्यक्ष शशिकांत सिंह गौतम ने अपनी संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति में बताया है कि बापू की कुटिया जो ज्येष्ठ नागरिक कल्याण संघ का जिला कार्यालय है वहाँ पर विश्व उपभोक्ता दिवस के अवसर पर 15 मार्च 2025 को एक संगोष्ठी आयोजित की गई।संगोष्ठी में उपभोक्ता कल्याण संघ के अध्यक्ष ने बताया कि उपभोक्ताओं के शोषण को रोकने के लिए वर्ष 1986 में सरकार द्वारा उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम लागू किया गया। ज्ञात हो कि 24 दिसंबर 1986 को माननीय राष्ट्रपति जी के द्वारा स्वीकृति प्राप्त हुई तत्पश्चात 15 अप्रैल 1986 को यह अधिनियम लागू हुआ।उन्होंने आगे यह भी बताया है कि 2019 में उपभोक्ताओं की बेहतर सुरक्षा को ध्यान में रखकर उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम लाया गया जो 20 जुलाई 2020 में लागू हुआ ।इस अधिनियम के तहत उपभोक्ता के हितों की रक्षा की जाती है और उनके साथ किए जाने वाली धोखाधड़ी को रोका जा सकता है । श्री जोशी जी ने बताया कि 2019 के अधिनियम के तहत कई प्रावधान किए गए हैं जैसे उपभोक्ता संरक्षण परिषद का गठनएउपभोक्ता विवाद निवारण आयोग का गठनए मध्यस्थता एमिलावटी माल के साथ उत्पादों के निर्माण या बिक्री पर दंड का प्रावधानए केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण का गठन आदि । उन्होंने यह भी बताया है कि पीड़ित उपभोक्ता एक निर्धारित प्रपत्र भरकर फोरम में शिकायत दर्ज करवा सकता है। 20 लाख तक के प्रकरण जिला उपभोक्ता फोरम में और उससे अधिक राशि के प्रकरण को राज्य फोरम और राष्ट्रीय उपभोक्ता फोरम में दायर किया जा सकता है ।

संगोष्ठी में निष्कर्ष रूप में यह बात सामने आई कि उपभोक्ता को जागरूक होने के आवश्यकता है और सभी लोगों ने यह निर्णय लिया कि ऐसी संगोष्ठी का आयोजन बार बार करके लोगों को जागरूक किया जाएगा। सर्व सम्मति से यह निर्णय लिया गया है 17 मार्च को कलेक्टर बस्तर को ज्ञापन देकर जागरूकता अभियान को प्रारंभ किया जाएगा।

उक्त संगोष्ठी में छबीलेश्वर जोशी भरत लाल गुप्ता जगत सिंह ठाकुरए रविंद्र पांडेय रतन व्यास धर्मेंद्र पटनायकए सुमित प्रसाद सतीश ठाकुर अनंत कुमार वैद्य कमलेश मंडन एविनोद जोशी अनूप जैन निर्मल राजपूत पूरण पवार आदि उपस्थित थे । उक्त जानकारी ज्येष्ठ नागरिक संघ के अध्यक्ष शशिकांत सिंह गौतम ने दी है ।

कादंबरी संस्था ने हर्षोल्लास के साथ मनाया होली मिलन

जगदलपुर, 18 मार्च (दण्डकारण्य समाचार)। कादंबरी संस्था के द्वारा रविवार को होली मिलन का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इस कार्यक्रम में कादंबरी की सभी सदस्य शामिल हुए।होली मिलन के कार्यक्रम में सभी को गुलाल से तिलक लगाकर स्वागत किया गया। उसके पश्चात होली गीत, लोकगीत, हास्य कविताएं और मजेदार खेल भी खिलाये गए। कादंबरी की महिलाओं ने बस्तर के खास व्यंजन का आनंद लिया। यह व्यंजन सभी अपने घर से बना कर लाई थी। खेल खिलाए गए और इसमें से अरुणा आचार्य जो प्रथम रही उन्हें पुरस्कृत भी किया गया। संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन सांस्कृतिक प्रभारी कविता बिजोलिया ने किया।

कार्यक्रम का प्रारंभ संस्था गीत से हुआ। अध्यक्ष उद्बोधन करमजीत कौर ने दिया और धन्यवाद ज्ञापन कोषाध्यक्ष सरिता पांडे ने किया। कार्यक्रम के अंत में होली के गीत पर सबने नृत्य किया। इस तरह हंसी ठहाको के साथ होली मिलन का यह कार्यक्रम संपन्न हुआ।

भाई दूज पर कायस्थ समाज ने की भगवान चित्रगुप्त की पूजा

✷ समाज के पदाधिकारियों ने की मई माह में अध्यक्ष चुनाव की घोषणा

जगदलपुर, 18 मार्च (दण्डकारण्य समाचार)। कायस्थ समाज जगदलपुर के द्वारा भाई दूज के पावन अवसर पर अपने इष्ट देव भगवान श्री चित्रगुप्त जी का पूजन हवन व महा आरती किया गया। स्थानीय श्री चित्रगुप्त मंदिर, चित्रांश भवन ,सिविल लाइन लालबाग में कायस्थ समाज के सदस्यों ने मिलकर भगवान श्री चित्रगुप्त जी की पूजा अर्चना की। सर्वप्रथम प्रातः 8 बजे भगवान का 108 पुष्पों से अभिषेक कर आरती की गई। उसके पश्चात संध्या 4 बजे समाज भवन में सभी सदस्य मिलकर विधि विधान से भगवान श्री चित्रगुप्त जी का पूजन, हवन व महाआरती पश्चात प्रसाद वितरण किया गया।

पूजन कार्यक्रम के बाद सभा को संबोधित करते हुए समाज के सचिव गजेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि आगामी 4 मई 2025 को भगवान श्री चित्रगुप्त जन्मोत्सव का कार्यक्रम होना निश्चित है, जिसमें एक आम सभा आयोजित करते हुए समाज के अध्यक्ष व अन्य पदाधिकारी का चुनाव संपन्न किया जाएगा। समाज के अध्यक्ष अर्जुन श्रीवास्तव ने समाज की गतिविधियों व उपलब्धियां को बताते हुए कहा कि आगामी आम सभा में समाज के होने वाले चुनाव में सभी सदस्य अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर प्रजातांत्रिक तरीके से चुनाव संपन्न कराने में सहयोग करेंगे। कार्यक्रम में समाज के कार्यकारी अध्यक्ष सुदामा श्रीवास्तव ,राजेश श्रीवास्तव, विकास श्रीवास्तव, विपुल श्रीवास्तव, कमल नारायण श्रीवास्तव, राजीव निगम, श्याम वर्मा, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष शैलबाला श्रीवास्तव, जयश्री श्रीवास्तव, गीता श्रीवास्तव ,आशा श्रीवास्तव, सुनीता खरे, प्रेमा श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

बस्तर जिला देवांगन समाज के सभी पदाधिकारी निर्विरोध निर्वाचित

राजेन्द्र देवांगन अध्यक्ष एवं दीपक देवांगन बने सचिव

जगदलपुर, 18 मार्च (दण्डकारण्य समाचार)। बस्तर जिला देवांगन सामाजिक भवन परमेश्वरी में हुए जिला देवांगन समाज के चुनाव में सभी पदाधिकारी निर्विरोध निर्वाचित हुए। इससे समाज ने सामाजिक समरसता और सहभागिता का एक नया आदर्श स्थापित किया। रविवार देर रात को हुए चुनाव में जिले में समाज के सैकड़ों की संख्या में मतदाता और सामाजिक प्रमुख शामिल हुए। चुनाव में निर्विरोध रूप से राजेन्द्र देवांगन अध्यक्ष, रविन्द्र देवांगन एवं राम देवांगन उपाध्यक्ष, दीपक देवांगन सचिव निर्वाचित हुए। कोषाध्यक्ष के रूप में जितेंद्र देवांगन चुने गए। वरिष्ठ समाज प्रमुखों ने कहा कि समाज में एक नए युग का सूत्रपात हो रहा है। निर्विरोध चुनाव होने पर समाज के सभी लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त की एवं कहा इससे समाजिक एकता बनी रहेगी व समाज आगे प्रगति करेगा । मुख्य चुनाव अधिकारी महेश देवांगन ने शांतिपूर्ण, प्रजातांत्रिक ढंग से चुनाव की प्रक्रिया पूरी कराई। देवांगन समाज में चुनाव सम्पन्न होने के पश्चात होली मिलन का कार्यक्रम रखा गया एवं इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ-साथ समाज के लोगों के होली के गीतों पर रंगारंग कार्यक्रम में डांस एवं गीत गाते हुए सामाजिक एकता का परिचय दिया। इस अवसर पर पुर्व अध्यक्ष प्रदीप देवांगन, नगर निगम के सभापति खेम देवांगन, पार्षद कुबेर देवांगन, श्यामलाल देवांगन, सपन देवांगन, डां. धर्मेंद्र देवांगन, श्यामवती देवांगन, सुषमा देवांगन, दयावती देवांगन, सुधा देवांगन, ज्योति देवांगन, देवांगन, किरण देवांगन, बबीता देवांगन, नारायण देवांगन, देवेन्द्र देवांगन, विष्णु देवांगन, सैकड़ों की संख्या देवांगन समाज के सदस्यगण उपस्थित रहे।

कर्तव्य से अनुपस्थित कर्मचारियों को कार्य पर तत्काल उपस्थित होने के निर्देश

जगदलपुर, 18 मार्च (दण्डकारण्य समाचार)। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जगदलपुर द्वारा विभाग के अधीनस्थ स्वास्थ्य केन्द्रों में पदस्थ अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित कर्मचारियों शिव कुमार देहारी, पुरूषोत्तम साहू एवं मोहन कश्यप को 05 दिवस के भीतर आवश्यक दस्तावेज के साथ उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं, अन्यथा संबंधित कर्मचारियों के विरूद्ध नियमानुसार सेवा समाप्ति की कार्यवाही की जाएगी। इस संबंध में जारी आदेश के अनुसार जिले के अन्तर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तोकापाल के वार्ड ब्वॉय शिव कुमार देहारी 18 जनवरी 2024, उप स्वास्थ्य केन्द्र सिलकझोड़ी बास्तानार के आरएचओ पुरूषोत्तम साहू 04 मार्च 2017 एवं उप स्वास्थ्य केन्द्र बेड़ाउमरगांव बकावण्ड के आरएचओ मोहन कश्यप 17 मई 2017 से बगैर पूर्व सूचना के अपने कर्तव्य से अनुपस्थित हैं।